उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल)

UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI, NAINITAL

पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/425(02)/2024/373 दिनांक 07/06/2024

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय निदेशक,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

विषय- विश्वविद्यालय परीक्षाओं में प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकओं व अन्य निष्प्रयोजन प्रपत्रों के विनष्टीकरण के संबंध में।

महोदय/महोदया,

एतद् द्वारा सूचित करने के आदेश हुए हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन विश्वविद्यालय (परीक्षा सत्र- दिसम्बर -2022 एवं जून-2023 की वार्षिक/सेमेस्टर) परीक्षाओं की प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं, सत्रीय कार्य, क्षेत्रीय कार्य, लघु शोध, परियोजना कार्य, उपस्थिति प्रपत्र,मुख्य परीक्षा/बैक परीक्षा/सुधार परीक्षा आवेदन पत्र,स्क्रूटनी आवेदन पत्र व अन्य निष्प्रयोजय प्रपत्रों को विनष्ट करने की कार्यवाही प्रारम्भ की जा रही है। अत: विश्वविद्यालय के सम्सत क्षेत्रीय निदेशक, समन्वयक, अध्ययन केन्द्र व विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित परीक्षा सामग्रियों के अन्तर्गत कोई शिकायत या वाद लम्बित है एवं उक्त प्रश्नगत परीक्षा सामग्री संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है तब ऐसी स्थिति में औचित्य पूर्ण तथ्य के आधार पर विज्ञप्ति की तिथि से 30 दिनों के अन्दर लिखित रूप में विश्वविद्यालय कार्यालय को निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे तदनुसार कार्यवाही को गति दी जा सके, अन्यथा निर्धारित समयावधि के बाद प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकओं व परीक्षा संबंधी निष्प्रयोजन प्रपत्रों को विनष्ट की दिया जायेगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान देकर विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करते हुए **विज्ञप्ति दिनांक 07-06-2024 जो कि सामाचार (अमर उजाला) में प्रकाशित हुई है** का सन्दर्भ ग्रहण करें तथा विज्ञप्ति/सूचना को अपने क्षेत्रीय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करने का कष्ट करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।
2. समस्त क्षेत्रीय निदेशक एवं समन्वयक, समस्त अध्ययन केन्द्र, उ0मुवि0को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. आर0एस0डी0 अनुभाग को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त सूचना को सभी क्षेत्रीय कार्यालयों व अध्ययन केन्द्रों को मेल के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
4. आई0सी0टी0 अनुभाग को संबंधित सूचना वैबसाइट में प्रसारित की जाने हेतु प्रेषित।
5. जनसम्पर्क अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित।
6. कुलसचिव/उपकुलसचिव कार्यालय, अनुरक्षण अनुभाग
7. समस्त वि0वि0 कार्मिक, लोक सूचना अनुभाग एवं सूचना पटल ।
8. संबंधित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक 07/06/2024

Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139 Nainital (Uttarakhand)
Phone No. +91-5946-286022, Fax No. 264232Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in